# कॉमर्शियल कूलर बाजार में सिंफनी

**बिजनेस भास्कर • मुंबई**

मुख्य रूप से घरेलू सेगमेंट के लिए उपयोग होने वाले कूलर बनाने वाली सिंफनी लिमिटेड अब औद्योगिक और व्यवसायिक इकाइयों के लिए उत्पाद तैयार करने जा रही है। इस सेगमेंट में कंपनी ने अगले चार सालों में 500 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

सिंफनी लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अचल बेकरी ने बिजनेस भास्कर से खास बातचीत में कहा कि फिलहाल भारत में घरेलू सेगमेंट में ही कूलर का उपयोग होता है। जबकि, व्यवसायिक गतिविधियों में एयर कंडीशनर का उपयोग होता है। लेकिन भारत में अब यह एक नए कांसेप्ट के रूप में शुरू हो रहा है और सिंफनी ने इसकी शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि फिलहाल प्रायोगिक तौर पर हमने इसकी शुरुआत की है और काफी अच्छी मांग इस सेगमेंट से आ रही है।

बेकरी ने बताया कि वर्तमान में टाटा, मारुति, हीरो, नेस्ले जैसी कंपनियों के कारखानों व वेयर हाउसिंग में हमने शुरुआत की है। छोटे कारखानों, वेयर हाउसिंग के साथ-साथ बड़ी कंपनियों की फैक्टरियों में, जहां वातानुकूलित यंत्र नहीं



**नया कारोबार**

औद्योगिक और व्यवसायिक सेक्टरों के लिए कूलर का करेगी उत्पादन

इस सेगमेंट से अगले 4 साल में 500 करोड़ रुपये के कारोबार का लक्ष्य

संगठित क्षेत्र के कूलर बाजार में 45 फीसदी पर है कंपनी की हिस्सेदारी

होते हैं, वहां पर हमारा फोकस होगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल भारत में एसी का 15,000 करोड़ रुपये का बाजार है और अगर इसमें से 3-5 फीसदी भी कूलर सेगमेंट को मिल जाता है तो यह अच्छा-खासा कारोबार साबित हो सकता है।

विश्व के 60 देशों में अपने उत्पादों की बिक्री करने वाले बेकरी ने कहा कि इस साल में कंपनी ने लैटिन अमेरिका, ब्राजील आदि देशों में प्रवेश किया है, जबकि पश्चिमी क्षेत्र और अफ्रीकी देशों में उसकी जाने की योजना है। बेकरी के मुताबिक, कुछ नए टाइप के कूलर हम ला रहे हैं, जिनमें स्पीकर, टॉवर कूलर और अन्य तरह के कूलर होंगे। साथ ही, ऐसे कूलर भी हैं, जिनमें बिजली की खपत काफी कम होगी। उनका कहना है कि इस समय आवासीय कूलर के 1,000 करोड़ रुपये के बाजार में संगठित क्षेत्र का हिस्सा 500 करोड़ रुपये का है। इसमें सिंफनी का मार्केट शेयर 45 फीसदी है। मौजूदा समय में कंपनी का कारोबार 300 करोड़ रुपये पर है। कंपनी सालाना 5-6 लाख कूलर का उत्पादन करती है।कंपनी की आय में हर साल 25 फीसदी की ग्रोथ का अनुमान है। भविष्य में सिंफनी की नजर अधिग्रहण पर भी है और अच्छा सौदा मिलने पर कंपनी अपने कदम बढ़ाएगी।